न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

(अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

रजनी होतानी निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर भीलवाडा, जिला भीलवाडा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाडा।

प्रकरण संख्या :– 46 / 2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18.03.2026	–: निर्णय :– 1. पत्रावली आज पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। 2. अपीलार्थी ने अपील में वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाडा से चाही गई थी, परन्तु प्रत्यर्थी के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील ऑनलाईन क्रमांक 249435933408004 प्रस्तुत कर, प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज कर उभयपक्षकारान् की तलबी हेतू नोटिस जारी किये गये। 3. लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाडा से प्राप्त सूचना अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 20056 दिनांक 09.03.2026 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भीलवाडा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6558214865 दिनांक 23.02.2026 को ऑनलाईन पॉर्टल पर सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 6(3) में अन्तरित कर दिया गया एवं बिन्दु संख्या 01 से 06 तक की सूचना इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 34133 दिनांक 05.02.2026 से ऑनलाईन पोर्टल एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा उपलब्ध करा दी गयी। जिसकी प्रतिलिपि उक्त अपील पत्रावली के अभिलेख पर मौजूद है। अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 18–03–2026 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। **(जसमीत सिहं संधू)** प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा	